05495

# DIPLOMA IN NUTRITION AND HEALTH EDUCATION

## Term-End Examination

## June, 2018

## DNHE-003 : NUTRITION AND HEALTH EDUCATION

*Time : 3 hours* *Maximum Marks :* **100**

*Note :* *(i) Question No. 1 is* ***compulsory.***

*(ii) Answer five questions in all.*

*(iii) All questions carry equal marks.*

---

1. (a) Define community. Give two examples of communities. **2+1**

(b) List four community workers/agencies working with community groups. **2**

(c) List any four important causes for nutrition and health problem in a community. **2**

(d) List any four signs of good physical health of individuals in a community. **2**

(e) Indicate the possible source of information regarding average size of family in a community. **1**

(f) List two risk factors you would look for as a community worker to identify pregnant women who needs special attention. **2**

(g) Write two messages you would give to population groups regarding prevention from parasitic infestation. **2**

(h) List any two information centred method you were exposed to as part of your student life. 2

(i) List any four printed media you may use for nutrition health education. 2

(j) List any four machine operated devices which can be used to convey messages. 2

2. (a) What is an action plan for improving the state of community health ? Explain how you would develop it. 10

(b) What is demonstration ? Explain its significance and how you will conduct a nutrition demonstration in a urban slum setting. 10

3. (a) What are teaching aids ? Enlist ten cues you will adopt for making effective teaching aids. 10

(b) "Charts are a versatile non-machine aid used to make nutrition and health education effective." Justify the statement, highlighting the purpose and different types of charts available for effective education. 10

4. (a) Name some of the traditional approaches used in nutrition education. Explain any one briefly. 2+8

(b) What do you understand by persuasive approach in the context of nutrition education ? Give one message depicting persuasive approach in nutrition/health education. 5+1

(c) Enlist the advantages of educational games in nutrition education. 4

5. Briefly explain the process of the following strategies used in a community for health education. Give two message/themes you would convey using these strategies : **8+8+4**
   - Woman-to-Woman
   - Child-to-Child

6. (a) Differentiate between food supplementation and nutrition education programmes, giving examples and highlighting their vital role in action. **8**

   (b) What are the objectives and essential features of the following programmes : **6+6**
   - ICDS
   - MDM

7. (a) What do you understand by participatory rural appraisal ? Briefly explain its uses in nutrition health programmes. **3+5**

   (b) Explain the steps you would adopt in helping the community to "Take Over" after having implemented a programme. Give the illustration of the process model you will adopt. **8**

   (c) Define innovators, early adopters in the context of promoting community action. **4**

8. Write short notes on **any four** of the following : **5+5+5+5**

   (a) Steps in implementing community contact as a strategy in nutrition and health education

   (b) Advantages and disadvantages of using models in nutrition education

   (c) Merits and limitations of using television in the context of education communication

   (d) Determinants of health

   (e) Ballads as a tool for nutrition education

# पोषण और स्वास्थ्य शिक्षा में डिप्लोमा

## सत्रांत परीक्षा

## जून, 2018

## डी.एन.एच.ई.-003 : पोषण और स्वास्थ्य शिक्षा

*समय : 3 घण्टे* *अधिकतम अंक : 100*

***नोट :*** *(i) प्रश्न सं. 1* ***अनिवार्य*** *हैं।*

*(ii) कुल* ***पाँच*** *प्रश्नों के उत्तर दीजिए।*

*(iii)* ***सभी*** *प्रश्नों के अंक* ***समान*** *हैं।*

---

1. (a) समुदाय को परिभाषित कीजिए। समुदायों के दो उदाहरण दीजिए। 2+1

(b) सामुदायिक समूहों के साथ काम करने वाले चार सामुदायिक कार्यकर्ताओं/संस्थाओं की सूची बनाइए। 2

(c) समुदाय में पोषण और स्वास्थ्य समस्या के किन्हीं चार महत्वपूर्ण कारणों को सूचीबद्ध कीजिए। 2

(d) समुदाय में व्यक्तियों के अच्छे शारीरिक स्वास्थ्य के किन्हीं चार लक्षणों को सूचीबद्ध कीजिए। 2

(e) समुदाय में परिवारों के औसत आकार से संबंधित सूचना के संभावित स्रोत बताइए। 1

(f) जिन गर्भवती स्त्रियों पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता होती है, एक समुदाय कार्यकर्ता के रूप में, उनकी पहचान करने के लिए आप खतरे के जिन दो कारकों को ध्यान में रखेंगे, उन्हें सूचीबद्ध कीजिए। 2

(g) परजीवी ग्रसन से बचने के लिए आप जनसमूह को जो दो संदेश देंगे, वे लिखिए। 2

(h) किन्हीं दो ऐसी सूचना-केंद्रित विधियों की सूची बनाइए जिनसे आपका परिचय आपके विद्यार्थी-जीवन में हुआ हो। 2

(i) ऐसे किन्हीं चार मुद्रित (लिखित) माध्यमों की सूची बनाइए जिनका प्रयोग आप पोषण स्वास्थ्य शिक्षा के लिए कर सकते हैं। 2

(j) ऐसे किन्हीं चार मशीन-चालित उपकरणों की सूची बनाइए जिनका प्रयोग संदेश संप्रेषित करने के लिए किया जा सकता है। 2

2. (a) समुदाय स्वास्थ्य की स्थिति को बेहतर बनाने के लिए कार्य-योजना क्या है? आप इसे कैसे विकसित करेंगे, वर्णन कीजिए। 10

(b) निदर्शन क्या है? इसका महत्व बताइए और शहरी स्लम में पोषण-निदर्शन का संचालन आप कैसे करेंगे? 10

3. (a) सहायक शिक्षण सामग्रियाँ क्या हैं? प्रभावी सहायक शिक्षण सामग्रियाँ बनाते समय आप जिन दस निर्देशों को ध्यान में रखेंगे, उन्हें सूचीबद्ध कीजिए। 10

(b) "चार्ट कहीं भी इस्तेमाल होने वाले गैर-मशीनी माध्यम है जिसका प्रयोग पोषण और स्वास्थ्य शिक्षण को प्रभावशाली बनाने के लिए किया जाता है।" इसके लक्ष्य और प्रभावी शिक्षण के लिए उपलब्ध विभिन्न प्रकार के चार्टों पर प्रकाश डालते हुए इस कथन की पुष्टि कीजिए। 10

4. (a) पोषण शिक्षा में प्रयुक्त होने वाली कुछ पारंपरिक उपागमों के नाम बताइए। इनमें से किसी एक का संक्षेप में वर्णन कीजिए। 2+8

(b) पोषण शिक्षा के संदर्भ में आप विश्वासोत्पादक उपागम से क्या समझते हैं? पोषण/स्वास्थ्य शिक्षा में विश्वासोत्पादक उपागम को निरूपित करते हुए एक संदेश बताइए। 5+1

(c) पोषण शिक्षा में शैक्षिक खेल के लाभों को सूचीबद्ध कीजिए। 4

5. समुदाय में स्वास्थ्य शिक्षा के लिए प्रयुक्त होने वाली निम्नलिखित कार्यनीतियों की प्रक्रिया का संक्षेप में वर्णन कीजिए। इन कार्यनीतियों के द्वारा आप जो दो संदेश/वर्ण्य-विषय संप्रेषित करेंगे, वे बताइए : 8+8+4

- महिला-से-महिला
- चाइल्ड-टू-चाइल्ड

6. (a) उदाहरण देते हुए पूरक पोषाहार और पोषण शिक्षा कार्यक्रमों के बीच अंतर बताइए। इनकी महत्वपूर्ण भूमिका पर भी प्रकाश डालिए। 8

(b) निम्नलिखित कार्यक्रमों के उद्देश्य और अनिवार्य विशेषताएँ बताइए : 6+6

- आई.सी.डी.एस.
- एम.डी.एम. (मध्याह्न भोजन कार्यक्रम)

7. (a) सहभागी ग्रामीण मूल्यांकन से आप क्या समझते हैं? पोषण स्वास्थ्य कार्यक्रमों में इनके प्रयोगों का संक्षेप में वर्णन कीजिए। 3+5

(b) कार्यक्रम कार्यान्वित करने के बाद 'कार्य भार ग्रहण' में समुदाय की सहायता करने के लिए आप जो सोपान अपनाएंगे, उसका वर्णन कीजिए। जो प्रक्रिया मॉडल आपने अपनाया है उसे चित्रित कीजिए। 8

(c) समुदाय क्रिया को बढ़ावा देने के संदर्भ में 'नवोन्मेषक' और 'अग्र धारक' को परिभाषित कीजिए। 4

8. निम्नलिखित में से **किन्हीं चार** पर संक्षिप्त टिप्पणियाँ लिखिए : 5+5+5+5

(a) पोषण और स्वास्थ्य शिक्षा की कार्यनीति के रूप में समुदाय संपर्क को कार्यान्वित करने के चरण।

(b) पोषण शिक्षा में मॉडलों का प्रयोग करने के लाभ व हानियाँ।

(c) शिक्षा संचार के संदर्भ में टेलीविजन का प्रयोग करने के लाभ व परिसीमाएँ।

(d) स्वास्थ्य के निर्धारक।

(e) पोषण शिक्षा के साधन रूप में गाथा शैलियाँ।